तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **बलदेव राम चौधरी** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (तहसीलदार, बिलाड़ा)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353164083640491	न. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
31/07/25	अपीलार्थी बलदेव राम चौधरी निवासी सैलो की ढ़ाणी, सिंधीपुरा, पीपाड़ शहर, जोधपुर ने सूचना का अधिकार के तहत उनके द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र में दिनांक 30.05.2025 को प्रतापसिंह भाटी, स्टाम्प मुद्रांक विक्रेता तहसील भोपालगढ़, जिला जोधपुर लाईसेन्स न 3, 59, एवं 84 के द्वारा 40 रूपये का स्टाम्प विक्रय रजिस्टर क्रमांक 569 दिनांक 11.10.1985 को जयराम पुत्र गोरधनराम जाति जाट निवासी कागल तहसील भोपालगढ़, जिला जोधपुर के नाम वास्ते– गोदनामा, हस्ते–खुद आयु 41 वर्ष के नाम स्टाम्प जारी किया गया है उक्त 40 रूपये स्टाम्प मुद्रांक का इन्द्राज विवरण स्टाम्प विक्रय रजिस्टर में इन्द्राज प्रविष्टिया एवं स्वयं जयराम के द्वारा खरीदकर हस्ताक्षर किये हुए है सहित इन्द्राज प्रविष्टियां हस्ताक्षर सहित भी मुद्रांक विक्रय रजिस्टर दिनांक 11.10.1985 के पृष्ठ की सत्य प्रमाणित प्रति एवं अन्य बिन्दुओं से संबंधित सूचना के लिए लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, बिलाड़ा) को प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, बिलाड़ा) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी अनुपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, बिलाड़ा) से आदिनांक तक तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त नहीं हुई। अतः अपील स्वीकार की जाती है तथा लोक सूचना अधिकारी (तहसीलदार, बिलाड़ा) को निर्देशित किया जाता है कि प्रार्थी द्वारा चाही गई सूचना 15 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे, अन्यथा नहीं दिये जाने के कारणों से प्रार्थी को अवगत कराया जावे। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (गौरव अग्रवाल) जिला कलक्टर, जोधपुर	

Signature valid
Digitally signed by Gaurav Agrawal
Designation: Collector & District Magistrate
Date: 2025.07.31 17:01:01 IST
Reason: Approved

RajKaj Ref No.:
16910886